संस्थापित वर्ष 1978
पंजीकृत सं0 3172

दूरभाष : (0522) 4066531

जनरल इन्श्योरेंन्स एम्प्लॉइज कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी

सदस्यता • सहयोग • समृद्धि

विकसित भारत 2047

साथ मिलकर समृद्ध कल की ओर

सुरक्षित वित्तीय भविष्य,
सशक्त भारत की पहचान

48वीं वार्षिक सामान्य बैठक 2026

सदस्यों का सशक्तिकरण | वित्तीय सुरक्षा | समावेशी विकास | सतत समृद्धि | प्रौद्योगिकी से प्रगति | विकसित भारत

सरिता सोनकर
सभापति
मो. 9005538373

निहारिका सिंह
अवैतनिक सचिव
मो. 9450575247

दिनांक 19.03.2023 से कार्यरत संचालक मण्डल एवं सचिव

श्रीमती सरिता सोनकर
सभापति
ओरियन्टल इन्श्योरेंस कं0 लि0
मो. 9005538373

श्रीमती निहारिका सिंह
अवैतनिक सचिव
ओरियन्टल इन्श्योरेंस कं0 लि0
मो. 9450575247

श्री ए0 के0 वर्मा, सदस्य
ओरियन्टल इन्श्योरेंस कं0 लि0
मो. 7376094392

श्री शुभकरन, सदस्य
नेशनल इन्श्योरेंस कं0 लि0
मो. 9415786298

श्री अविनाश चन्द्र, सदस्य
युनाइटेड इण्डिया इ.कं.लि.
मो. 9651147044

श्री शिव लखन, सदस्य
नेशनल इन्श्योरेंस कं0 लि0
मो. 8707767020

श्री शिवेन्द्र, सदस्य
नेशनल इन्श्योरेंस कं0 लि0
मो. 8574248191

श्री निर्मल त्रिपाठी, सदस्य
ओरियन्टल इन्श्योरेंस कं0 लि0
मो. 9450460132

श्रीमती नीता सब्बरवाल
लेखाकार, मो. 9307255360

समिति कार्यालय

दूरभाष 0522-4066531

श्री वी स्वप्निल श्रीवास्तव
लेखाकार, मो. 9451386035

वार्षिक प्रतिवेदन एवं विवरणी

सहकारिता वर्ष 2025-2026

जनरल इंश्योरेंस इम्प्लाइज
को-आपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लि0
लखनऊ

निहारिका सिंह
अवैतनिक सचिव

सरिता सोनकर
सभापति

अध्यक्षीय संदेश

सम्मानित सदस्य साथियों,

समितिकी **48**वीं वार्षिक सामान्य सभा में उपस्थित आप सभी समानित सदस्यों का मै हृदय से स्वागत एवं अभिनन्दन करती हूँ।

जनरल इंश्योरेंस एम्प्लाइज को-आपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड केवल एक वित्तीय संस्था नहीं, बल्कि सहकारिता, विश्वास, पारदर्शिता और सामूहिक विकास की सशक्त मिसाल है। अपने उत्कृष्ट कार्यों, सदस्य-केंद्रित योजनाओं तथा जवाबदेही कार्यप्रणाली के बल पर हमारी समिति ने देश की अग्रणी सहकारी संस्थाओं में एक विशिष्ट पहचान स्थापित की है। इस गौरवशाली संस्था की अध्यक्षता का दायित्व सौंपने के लिए मैं आप सभी सदयों के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करती हूँ।

मुझे यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि वित्तीय वर्ष **2025-2026** समिति ने रू. **170.38** लाख का लाभ अर्जित किया है।यह उपलब्धि केवल एक वित्तीय आँकड़ा नहीं, बल्कि आप सभी सदस्यों के विश्वास, सहयोग और समिति के कर्मचारियों एवं संचालन मंडल की अथक मेहनत का प्रतिफल है। अनेक चुनौतियों और बदलती परिस्थितियों के बीच भी हमने अपने लक्ष्यों की ओर निरंतर आगे बढ़ते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

यद्यपि सेवानिवृत्ति, त्याग-पत्र एवं अन्य कारणों से सदस्यों की संख्या में कमी आना हमारे लिए चिंता का विषय है, फिर भी यह संतोष का विषय है कि वित्तीय वर्ष **2025-2026** में **33** सदस्य समिति से जुड़े हैं। यह हमारे सामूहिक प्रयासों और समिति की बढती विश्वसनीयता का प्रमाण है। हमारा संकल्प है कि सामान्य बीमा क्षेत्र के अधिक से अधिक कर्मचारियों को इस मजबूत परिवार से जोड़कर समिति को और अधिक सशक्त बनाया जाए। समिति आधुनिक तकनीकों के उपयोग एवं पारदर्शी प्रशासन के माद्यम से सदस्यों को बेहतर, सरल एवं त्वरित सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। ऋण अवेदनों के शीघ्र निस्तारण, आवर्ती जमा के समयबद्ध भुगतान तथा अन्य वित्तीय सेवाओं में निरंतर सुधार इसी प्रतिबद्धता का परिणाम है।

साथियों, किसी भी संस्था की वास्तविक शक्ति उसकी पूंजी नहीं, बल्कि उसके सदस्यों का विश्वास और सहभागिता होती है। आपका अटूट विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।इसी विश्वास को बनाए रखते हुए हम समिति को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने और प्रत्येक सदस्य के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। मै समिति के सभी कर्मचारियों, सचालक मंडल के सदस्यों तथा प्रत्येक सदस्य के समर्पण, सहयोग और योगदान की मुक्त कंठ से सराहना करती हूँ। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम सभी मिल कर सहकारिता की भावना को और मजबूत करेंगे तथा समिति को प्रगति और उत्कृष्टता के नए आयाम प्रदान करेंगे।

अंत में, मै आप सभी से आग्रह करती हूँ कि अपने बहुमूल्य सुझावों, मार्गदर्शन और सहयोग से समिति को और अधिक सशक्त बनाने में अपना योगदान देते रहें। आपका विश्वास, सहभागिता और समर्थन ही हमारी सफलता का आधार है। आइए, हम सब मिलकर एक ऐसी समिति का निर्माण करें जो आर्थिक सुरक्षा, पारदर्शिता, सेवा और सहकारिता का आदर्श उदाहरण बने।

"सहकारिता हमारी शक्ति है, विश्वास हमारी पहचान है और प्रगति हमारा लक्ष्य है।"

आप सभी का हार्दिक धन्यवाद।

(सरिता सोनकर)
सभापति

"सहकारिता केवल व्यवस्था नहीं, बल्कि सांझा सपनों को साकार करने का सशक्त माध्यम है"

"सहकारिता का हर कदम सदस्य हित में, और सदस्य हित का हर प्रयास समृद्धि की ओर"

संदेश

दीपक मित्तल
उप महाप्रबंधक
दि.ओ.इं.क.लि.

प्रिय साथियों,

जनरल इंश्योरेंस एम्प्लाइज को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी की पत्रिका के 48वें अंक के माध्यम से आप सभी से अपने विचार साझा करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। यह पत्रिका केवल संस्था की गतिविधियों का दर्पण नहीं, बल्कि हमारे सामूहिक प्रयासों, उपलब्धियों और भविष्य की संभावनाओं को अभिव्यक्त करने वाला एक सशक्त माध्यम है।

आज के बदलते आर्थिक परिवेश में बचत की आदत और आवश्यकता के समय सहज वित्तीय सहयोग व्यक्ति को आत्मविश्वास प्रदान करता है। हमारी समिति इसी उद्देश्य को केंद्र में रखकर सदस्यों की छोटी-छोटी बचतों को एक सामूहिक शक्ति में परिवर्तित कर रही है। ऋण सुविधा के माध्यम से अनेक परिवारों की आवश्यकताओं को पूरा करने में सहयोग देना तथा सदस्यों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना संस्था की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक है। मेरा विश्वास है कि किसी भी सहकारी संस्था की सबसे बड़ी पूंजी उसका सदस्यों के बीच विश्वास और सहभागिता होती है। यदि हम पारदर्शिता, अनुशासन, सहयोग और दूरदर्शिता के साथ आगे बढ़ते रहें, तो हमारी सोसायटी आने वाले समय में और अधिक सशक्त एवं उपयोगी संस्था के रूप में स्थापित होगी।

इस अवसर पर मैं समिति के समस्त सदस्यों, पदाधिकारियों एवं कर्मियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ। आप सभी के निरंतर सहयोग और समर्पण से संस्था प्रगति के नए आयाम प्राप्त करे तथा अपने प्रत्येक सदस्य के लिए विश्वास और सहारे का मजबूत आधार बनी रहे, इसी शुभकामना के साथ।

ईश्वर से प्रार्थना है कि हमारी संस्था निरंतर उन्नति करे और हम सभी मिलकर सहकारिता की भावना को और अधिक सशक्त बनाते रहें।

श्याम सुन्दर सिंधु
उप महाप्रबन्धक
युनाइटेड इंडिया इ.क.लि.

"सहकारिता वह शक्ति है, जहाँ 'मैं' से 'हम' की यात्रा संस्था की सफलता का आधार बनती है।"

जनरल इंश्योरेंस एम्प्लइज को-अपरेटिव क्रेडिटसोसाइटी लिमिटेडकी48वीं सामान्य बैठक के शुभ अवसर पर संस्था के समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों एवं सहयोगियों को मेरी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

वर्ष 1978 में रोपा गया विश्वास और सहकारिता का यह पौधा आज 48 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा पूरी कर एक सशक्त एवं समृद्ध संस्था के रूप में हमारे सामने है।यह यात्रा केवल समय के बीतने की कहानी नहीं, बल्कि दूरदर्शिता, पारस्परिक सहयोग, निरंतर समर्पण और सदस्यों के विश्वास से निर्मित एक प्रेरणादायी विरासत है।

किसी सहकारी संस्था की सबसे बड़ी पूँजी उसका वित्तीय आधार नहीं, बल्कि उसके सदस्यों के बीचविश्वास और अपनत्व की भावनाहोती है।यह सामान्य बैठक केवल विगत कार्यों के मूल्यांकन का अवसर नहीं, बल्कि नई सोच, नए संकल्प और नई संभावनाओं की ओर आगे बढ़ने का पड़ावभी है। इसी भावना ने संस्था को वर्षों से मजबूती प्रदान की है और इसे निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है।

मेरा दृढ़ विश्वास है कि बदलते समय की आवश्यकताओं को समझते हुए नई सोच, पारदर्शिता, तकनीकी नवाचार और सामूहिक सहभागिताको आधार बनाकर संस्था आने वाले वर्षों में सफलता के नए आयाम स्थापित करेगी। आज का यह पड़ाव हमें अतीत की उपलब्धियों पर गर्व करने के साथ-साथ भविष्य के लिए और अधिक ऊँचे लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा देता है।



हेमंत कुमार पाल
क्षेत्रीय प्रबन्धक
युनाइटेड इंडिया इ.क.लि.

प्रिय साथियों,

जनरल इंश्योरेंस एम्पलाइज कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड लखनऊ के 48 वे वार्षिक सामान्य बैठक के आयोजन एवं सोसाइटी के सफलतापूर्वक संचालन पर संचालक मंडल सदस्यों सचिव तथा सभापति को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

सोसाइटी द्वारा प्रदान किए जा रहे 25 लाख रूपए के लोन तथा अन्य डिपॉजिट स्कीम यकीनन सराहनीय है जो सदस्यों को आकस्मिक चुनौतियों से निपटने में सहायता प्रदान करते है । मैं सोसाइटी के द्वारा किए जा रहे निष्पक्ष एवं पारदर्शी कार्यों के लिए सभी पदाधिकारी को हार्दिक बधाई देता हू एवं समिति के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

वार्षिक बैठक के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ।

दर्शन कुमार वधवा
क्षेत्रीय प्रबन्धक
युनाइटेड इंडिया इ.क.लि.

'' सहकारिता से समृद्धि, एकजुटता से प्रगति''

लखनऊ कोऑपरेटिव क्रेडिट समिति की 48वीं सामान्य बैठक के अवसर पर समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सम्मानित सदस्यों को मेरी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। सहकारिता केवल आर्थिक सहयोग का माध्यम नहीं, बल्कि आपसी विश्वास, सहभागिता और सामूहिक उन्नति की भावना का प्रतीक है। मुझे विश्वास है कि समिति अपने सदस्यों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं सेवा-भाव के साथ निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगी।

समिति की निरंतर सफलता एवं सभी सदस्यों के सुख, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। 48वीं सामान्य बैठक के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ।

अनिल कुमार वर्मा
सदस्य
संचालक मण्डल

प्रिय साथियों,

लखनऊ समिति की 48वीं वार्षिक सामान्य बैठक के शुभ अवसर पर समिति से जुड़े सदस्यों को संदेश देने में अपार हर्ष का अनुभव हो रहा है क्योंकि मैं समिति से बहुत ही गहराई से जुड़ा हुआ हूं अतः मुझे कहने में कोई संकोच नहीं है कि लखनऊ समिति की योजनाएं और लक्ष्य स्वयं में अभूतपूर्व है इसकी कार्यशील पूंजी गत वर्षों का शुद्ध लाभ सदस्यों की वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति तथा सदस्यों की अल्प बचत योजनाओं ने अन्य कर्मियों को भी अपनी ओर आकर्षित किया है

प्रत्येक वर्ष समिति ने एक और कदम बढ़ाते हुए सदस्यों की अपेक्षाओं को पूरा किया है समिति प्रतिवर्ष अपनी पत्रिका निकालती है इसके माध्यम से सदस्य समिति की वास्तविक स्थिति से अवगत होते रहते हैं सदस्य गणों को इसकी पारदर्शिता पर गर्व है और बड़े ही विश्वास के साथ अपनी जमा पूंजी समिति में निडरता के साथ जमा करते हैं उन्हें ज्ञात है कि समिति का संचालक मंडल विशेष कर सभापति और सचिव महोदया समय निकालकर समिति की निस्वार्थ भाव से सेवा में रत हैं हमें ऐसे कर्मठ लोगों पर गर्व करना चाहिए लखनऊ सोसाइटी भारत में कार्यरत सोसाइटियों का आभूषण है जनरल इंश्योरेंस के उन कर्मियों से मेरी अपील है कि यदि अभी तक लखनऊ समिति से जुड़े नहीं है तो जुड़ जाइए सुनहरा कल आपकी प्रतीक्षा कर रहा है।

शुभ करन
सदस्य
संचालक मण्डल

आदरणीय,

सदस्यगणों, तमाम उतार चढ़ाव के बावजूद आपकी धरोहर लखनऊ की सोसायटी अपने सदस्यों के सेवा भावना के उद्देश्य से निरंतर आगे बढ़ रही है, जिसमें बोर्ड के सदस्यों के आपसी ताल मेल, आपके सहयोग की भूमिका समाहित तो है ही परंतु , इतनी बड़ी सोसायटी को संचालित करने में सोसायटी कार्यालय मे कार्यरत लेखाकार, श्रीमती नीता सब्बरवाल व श्री वी.स्वप्निल श्रीवास्तव के योगदान की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है, हमारे सदस्यों को बगैर सोसायटी कार्यालय आये सभी प्रकार के सुविधाओ / सूचनाओ से अवगत कराने के साथ - साथ कार्यालय के कार्य इनके द्वारा सुचारू रूप से निष्पादित किया जा रहा है, इसके अतिरिक्त सोसायटी कार्यालय में कार्यरत अधीनस्थ कर्मचारी श्रीजुनैद व श्री विनोद द्वारा पूरी ईमानदारी व कर्तव्य निष्ठा से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया जा रहा है, जिसके लिये हम आभार प्रकट करते है।

आपके सुझाव हमारा मार्गदर्शन करने में अहम भूमिका निभाती है अतः अपने सुझाव व शिकायतें बोर्ड के समक्ष रखने में संकोच न करे, हम अच्छे से और अच्छा करने की सदैव गुंजाईश रखते है, आने वाले सभी त्यौहारों के संगम की शुभकामनाओं सहित ।

संदेश

शिव लखन
सदस्य संचालक मण्डल

सम्मानित साथियों,

मैं जनरल इंश्योरेंस इम्प्लाइज को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लि0 के सम्मानित सदस्यों को समिति की 48वीं वार्षिक सामान्य बैठक में हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूँ।

साथियों आप सभी द्वारा बोर्ड के सदस्यों के प्रति विश्वास एवं सम्मान बनायें रखने के लिए पुनः हृदय से धन्यवाद।

शुभकामनाओं सहित ।

शिवेन्द्र कुमार
सदस्य
संचालक मण्डल

प्रिय सदस्यगण / साथियों,

सप्रेम नमस्कार ! सहकारिता, विश्वास और एकजुटता ही हमारी सोसाइटी की असली ताकत है। हमें यह बताते हुए अत्यंत गर्व होता है कि आप सभी के निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन से हमारी संस्था प्रगति के पथ पर मजबूती से आगे बढ़ रही है।
हमारी को-आपरेटिव सोसाइटी का मुख्य उद्देश्य केवल आर्थिक लेन-देन नहीं है, बल्कि अपने सभी सदस्यों का आर्थिक विकास, सुरक्षा और सामाजिक उत्थान सुनिश्चित करना है।
हमारी सोसाइटी की मुख्य विशेषताएं और आपके लाभरू
● आसान और त्वरित ऋण (Loan) : घर बनाने, बच्चों की उच्च शिक्षा, विवाह या किसी भी आकस्मिक जरूरत के समय तुरंत आर्थिक सहायता। ● सुरक्षित भविष्य : आपकी बचत पर बेहतर लाभांश (Dividend) और सुरक्षित निवेश की गारंटी। ● पूर्ण पारदर्शिता : सोसाइटी के सभी कार्यों और हिसाब-किताब में 100% पारदर्शिता, ताकि आपका भरोसा हमेशा बना रहे। ● सदस्य हित सर्वोपरि : आपके सुझावों और समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए समय-समय पर बैठकों का आयोजन।

एक मजबूत संस्था की नींव उसके सदस्यों की सक्रिय भागीदारी पर टिकी होती है। आइए, हम सब मिलकर 'सहकार से समृद्धि' के इस संकल्प को और अधिक मजबूत बनाएं और अपनी सोसाइटी को सफलता के नए शिखरों तक ले जाएं। संस्था से जुड़ी किसी भी जानकारी या सहायता के लिए आप बेझिझक कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।
आपके उज्ज्वल एवं समृद्ध भविष्य की कामनाओं के साथ ! सधन्यवाद।

निर्मल कुमार त्रिपाठी
सदस्य
संचालक मण्डल

साथियों,

समिति की 48वीं वार्षिक सामान्य बैठक के अवसर पर मुझे आपसे अपने उद्गार व्यक्त करने का अवसर प्राप्त हो रहा है 2 वर्षों के उपरांत लखनऊ समिति को कार्य करते हुए 50 वर्ष बीत जाएंगे अर्थात आधी शताब्दी की यात्रा पूर्ण कर लेगी इस यात्रा में समिति के समक्ष कड़ी चुनौतियां भी आई समिति ने सभी चुनौतियों का डटकर सामना करते हुए चट्टान की तरह अडिग रहकर अपने सदस्यों के हित में कल्याणकारी योजनाओं का निर्वहन किया लिखने में मुझे अत्यधिक प्रसन्नता हो रही है कि मैं भी इस अद्वितीय समिति का एक सक्रिय सदस्य और बोर्ड का भी एक सक्रिय सदस्य हूँ, प्रतिवर्ष समिति अपने सदस्यों को जमा अंश पूंजी पर लाभांश तथा टी एफ पर आकर्षक ब्याज प्रदान करती है मेरे साथ-साथ समिति से जुड़े सदस्यों को भी लाभांश और ब्याज की बड़ी ही बेसब्री से प्रतीक्षा रहती है।

समिति की जमा योजनाएं भी बहुत ही प्रभावशाली है अल्प जमा योजनाओं के माध्यम से हम भविष्य के सपने भी साकार करते हैं यह समिति हम सभी सदस्यों के लिए एक वरदान है जो हमारी त्वरित आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सदैव तत्पर रहती है आप सभी से अनुरोध है कि समिति से अधिक से अधिक संख्या में जुड़े और जोड़ें। धन्यवाद

जी0 एस0 सिंह
पूर्व उप सभापति

साथियों, बहुत ही हर्ष की बात है की जनरल इंश्योरेंस इंप्लाइज कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लखनऊ की 48 वी वार्षिक सामान्य बैठक दिनांक 19.9.2026 को हरि ओम मंदिर लालबाग लखनऊ में आयोजित हुई जिसमें पधारे हुए समस्त साथियों का हृदय से साधुवाद।

समिति की स्थापना 14 सितंबर 1978 को स्वर्गीय सरकार दादा ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर की थी उस समय समिति का मासिक अंशदान ₹5 सदस्यों से लिया जाता था तथा ऋण 500 रूपए दिया जाता था समिति के मनोनीत कार्यकारी सदस्य मंडल (डायरेक्टर्स) सभापति, तथा सचिव के सुविचारों तथा सफलतापूर्वक संचालन के परिणाम स्वरूप आज समिति 25 लाख रूपए का ऋण देती है तथा सफलतापूर्वक आगे बढ़ती जा रही है इसके लिए हम समस्त संचालक मंडल के सदस्यों सचिव तथा सभापति महोदया को हृदय से धन्यवाद देते हैं तथा समिति के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

नेहा कुशवाहा
सहायक प्रबन्धक
ओ.आई.सी.एल.,क्षे.का

सम्मानित सदस्गण,

"संगठन की वास्तविक शक्ति उसके सदस्यों की एकता, विश्वास और सामूहिक प्रयासों में निहित होती है।"

ये बहुत ही हर्ष का विषय है कि **General Insurance Employees Co-operative Society, Lucknow** अपनी 48 वीं वर्षगांठ मना रहा हैद्यमैंने इस संस्था का सदस्य बनने का निर्णय, यहाँ के उच्च कोटि कि कार्यप्रणाली , कार्य में पारदर्शिता, अनुशासन एवं समर्पण को देखते हुए लिया थाद्यमैं स्वयं को सौभाग्यशाली और गौरवान्वित मानती हूँ किमुझे इस प्रतिष्ठित संस्था का हिस्सा बनने का अवसर प्रपट हुआद्यसंस्था द्वारा अपने सदस्यों को बेहतर सेवाएं एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा उनके हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। संस्था के निरंतर विकास एवं प्रगति को देखते हुए यह विश्वास है कि **General Insurance Employees Co-operative Society, Lucknow** भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित करती रहेगी तथा अपने सदस्यों के कल्याण एवं हितों के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी। धन्यवाद !

सत्यब्रत द्विवेदी
सहायक प्रबंधक
ओरिएंटल इंश्योरेंस

मैं पिछले कई सालों से क्रेडिट सोसाइटी का मेंबर हूँ और सच कहूँ तो मेरा अनुभव हमेशा बहुत ही शानदार रहा है।

हम जैसे नौकरीपेशा लोगों के लिए बचत करना और सही समय पर पैसों का इंतजाम होना बहुत मायने रखता है। इस मामले में सोसाइटी ने हमेशा एक मजबूत सहारे की तरह काम किया है। चाहे हर महीने छोटी-छोटी बचत करने की आदत हो, या फिर घर-परिवार में किसी अचानक आई जरूरत के वक्त लोन लेना। यहाँ की प्रक्रिया इतनी सीधी, साफ-सुथरी और आसान है कि कभी कोई परेशानी नहीं हुई।

सबसे अच्छी बात यह है कि यहाँ चीजें पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ चलती हैं। इतने सालों में मैनेजमेंट और पूरी टीम ने जिस अपनेपन और तत्परता से हम सदस्यों का साथ दिया है, उसके लिए मैं दिल से धन्यवाद करता हूँ। इस सोसाइटी से जुड़े रहने पर मुझे वाकई गर्व है।

कंचन राणा
सहायक
दि.ओ.इं.क.लि.,क्षे.का.

सम्मानित सदस्यगण, सादर नमस्कार!

जनरल इंश्योरेन्स एम्प्लाइज को-आपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी की 48वीं वार्षिक सामान्य सभा के गौरवपूर्ण अवसर पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

यह सोसाइटी हमारे लिए केवल एक वित्तीय संस्था नहीं, बल्कि हमारा अपना परिवार है, जो प्रत्येक सदस्यों को सुख-दुःख और आवश्यकता के समय आर्थिक सहयोग के साथ-साथ विश्वास एवं हौसले का सहारा भीदेती है।सोसाइटी की निरंतर प्रगति में सभी सदस्यों, पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की मेहनत, निष्ठा और एकजुटता का महत्वपूर्ण योगदान रहाहै। यही सामूहिक भावना हमारी सोसाइटी की सबसे बड़ी ताकत है। ईश्वर से प्रार्थना है कि हमारी सोसाइटी इसी प्रकार निरंतर प्रगति और समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ती रहे तथा प्रत्येक सदस्य के सुख-दुःख और आवश्यकता के समय सदैव अपनेपन और विश्वास के साथ खड़ी रहे। धन्यवाद

GENERAL INSURANCE EMPLOYEES CO-OPERATIVE CREDIT SOCIETY LTD.

2nd Floor , B.M. Plaza, Nawal Kishore Road, Lucknow-226 001

website : www.giecooplw.com, E-mail : giecooplw@yahoo.com, Ph. : 0522-4066531

Ref. No. : COOP/ Dated : 24.07.2026

सेवा में,

सम्माननीय सदस्य गण

महोदय,

विषय : वार्षिक सामान्य बैठक (सहकारिता वर्ष 2025-2026)

आपको सूचित किया जाता है कि समिति के संचालक मण्डल की बैठक दिनांक 24.07.2026 में लिये गये निर्णयानुसार समिति की वार्षिक सामान्य बैठक दिनांक 19.09.2026 को प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक हरि ओम मन्दिर, जे. सी. बोस मार्ग, लालबाग, निकट जय भारत सिनेमा, लखनऊ में आयोजित की जा रही है जिसमें निम्न विषयों पर विचार किया जायेगा।

1. पूर्व सामान्य बैठक में लिये गये निर्णयों का अनुमोदन।
2. आगामी सहकारिता वर्ष के लिये कार्यकलापों का अनुमोदन।
3. सहकारी वर्ष 2025-2026 के रोकड़ पत्र एवं वार्षिक प्रतिवेदन पर विचार।
4. सहकारी वर्ष 2025-2026 के शुद्ध लाभ का निस्तारण।
5. वर्तमान सहकारी वर्ष के बजट एवं दायित्वों एवं आगामी सहकारिता वर्ष के बजट एवं दायित्यों का निर्धारण।
6. अन्य विषय सभापति की आज्ञानुसार।

आपसे अनुरोध है कि निश्चित समय पर पहुंचकर बैठक में सम्मिलित हो और बैठक को सफल बनाने का कष्ट करें।

सधन्यवाद।

भवदीया

निहारिका सिंह

अवैतनिक सचिव

WE INVEST YOUR MONEY FOR YOUR WELFARE

वार्षिक सामान्य बैठक दिनांक 20 सितम्बर 2025 की कार्यवाही एवं लिए गए निर्णय

दिनांक 20 सितंबर 2025 की वार्षिक सामान्य बैठक प्रातः 10रू00 बजे हरि ओम मंदिर के सभागार लालबाग लखनऊ में आयोजित की गई बैठक में समिति सदस्यों और बोर्ड के सभी सदस्यों ने अति उत्साह के साथ कार्यवाही में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक में समिति के कार्यक्रमों का संचालन श्री जी एस सिंह के द्वारा किया गया उन्होंने अत्यधिक सूझबूझ के साथ मंच का संचालन किया। बैठक में अतिथि श्री बी सी श्रीवास्तव पूर्व सभापति सचिव पूर्व संचालक मंडल सदस्य श्री अब्दुल नईम आदि का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि श्री त्रिलोक सिंह एवं श्री दर्शन वाधवा तथा विशेष अतिथि को पुष्पगुच्छ एवं शाल देकर स्वागत किया गया। बोर्ड के संचालक मंडल सदस्यों के द्वारा विशिष्ट अतिथियों को मंचासीन कराया गया। इसके उपरांत समिति में सराहनीय कार्य हेतु समिति के कर्मचारियों का स्वागत एवं उत्साहवर्धन किया गया सभा का उद्घाटन सभापति और उपस्थित अतिथि गणों द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। तदोपरान्त संचालक मंडल सदस्यों के द्वारा बारी-बारी से दीप प्रज्वलित किए गए इसके उपरांत सभा का संचालन आरम्भ किया गया। सचिव के द्वारा उपस्थित सभी संचालक मंडल सदस्यों तथा सभागार में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया गया और सभापति महोदया श्रीमती सरिता सोनकर को अध्यक्षीय संदेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने सभागार में उपस्थित सदस्यों एवं अतिथियों का स्वागत किया और अपने संबोधन में अवगत कराया कि समिति ने वर्ष 2024-25 में 1.56 करोड़ का लाभ अर्जित किया है, साथ ही साथ उन्होंने बताया की सार्वजनिक बीमा कंपनियों के कर्मी ही हमारे सक्रिय सदस्य हैं और भारी संख्या में सदस्य गण सेवानिवृत हो रहे हैं और भर्तिया भी अपेक्षाकृत कम हो रही है अतः समिति में सदस्यों की संख्या लगातार कम होती जा रही है जो एक चिंता का विषय है।

उन्होंने बताया कि हमारे समक्ष नई चुनौतियाँ हैं जिनका सामना हमें डटकर करना हैं। हम अपने प्रयास में सफल भी हुए हैं और सदस्यों के असीम सहयोग से सर्वोत्कृष्ठ देने का प्रयास किया है। सभापति महोदया ने यह भी बताया कि समिति की सभी महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं को अधिकतम सदस्यों तक पहुँचाने का प्रयास किया गया है और हम अपने सतत प्रयासों में सफल भी हुए हैं जैसे कि मृतक के विधिक आश्रितों को निर्धारित आर्थिक सुरक्षा के अन्तर्गत बकाया ऋण राशि का 40 प्रतिशत या 5 लाख, जो भी कम हो, माफ कर देना, रू0 3 लाख का अनुदान तथा अन्तिम संस्कार हेतु निर्धारित धनराशि रू0 5,000.00 समिति की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान करना। हमें गर्व है कि हमने सामूहिक प्रयासों से समयावधि में ये सभी भुगतान सुनिश्चित किये गये। सभापति महोदया ने बताया कि सार्वजनिक कम्पनियों में अपेक्षा के अनुरूप नई भर्तियाँ नहीं हो रही हैं परन्तु जितनी भी भर्तियाँ हो रही हैं वे चाहे नवनियुक्त कर्मी हों अथवा अन्य किसी भी माध्यम से कम्पनियों को ज्वाइन कर रहे हैं उन सभी कर्मियों को लखनऊ क्रेडिट सोसायटी का सदस्य बनाना हमारा प्रथम लक्ष्य है जिससे कि सदस्यों की गिरती संख्या का प्रभाव कम किया जा सके। सभापति महोदया ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमने अविलम्ब ऋण आवेदन-पत्रों का निस्तारण, सावधि एवं आवर्ती जमा का भुगतान निर्विघ्न रूप से सुनिश्चित किया है तथा समिति सदस्यों के लिए आर्थिक सुरक्षा एवं वित्तीय सेवाओं के साथ समितियों में अग्रणी रहने का प्रयास करेंगे। उन्होंने समिति में कार्य कर रहे कर्मियों के कार्यों की सराहना की। इन्हीं शब्दों के साथ उन्होंने अपना वक्तव्य समाप्त किया। सभा में उपस्थित मुख्य अतिथि श्री त्रिलोक सिंह ने समिति की योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह समिति भारत में स्थापित समितियों में अग्रणी भूमिका निभा रही है और सहकारिता आन्दोलन के माध्यम से राष्ट्र की सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। उन्होंने यह भी कहा कि समिति को सेवानिवृत्त साथियों को भी योजनाओं के माध्यम से जोड़ना चाहिए जिससे कि वे आजीवन समिति की योजनाओं का समुचित लाभ उठा सकें। मुख्य अतिथि के सहयोगी श्री दर्शन कुमार बाधवा ने कहा कि समिति की सभी योजनायें प्रशंसनीय हैं और निःसन्देह यह समिति अपने सदस्यों की सेवा निस्वार्थ भाव से कर रही है। श्री बाधवा ने समिति की सभी योजनाओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की और समिति के उज्जवल भविष्य की कामना की।

सहकारिता वर्ष 2025-26 का वार्षिक प्रतिवेदन :-

सहकारिता वर्ष 2025-26 में समिति से 143 सदस्य कम हुए तथा 33 नए सदस्य बने 1 अप्रैल 2025 में कुल सदस्यों की संख्या 1050 थी जो घटकर 31 मार्च 2026 को 940 ही रह गई यह अप्रत्याशित कमी अत्यधिक सेवा निवृत्ति के कारण हुई है इस चुनौती का सामना करते हुए हम निरंतर सदस्यों की संख्या में वृद्धि करने का प्रयास कर रहे हैं निजी पूंजी रू (अंश पूंजी, रक्षित निधि एवं अन्य नीतियां) पिछले एक वर्ष में निजी पूंजी 1289.42 लाख से घटकर 1285.24 लाख रह गई, जिसमें 4.18 लाख की कमी दर्ज हुई है। कुल निजी पूंजी में 0.32 प्रतिशत की कमी। अंश पूंजी रू पिछले सहकारिता वर्ष में अंश पूंजी 890.06 लाख से घटकर चालू वर्ष में 847.18 ही रह गई है जो पिछले वर्ष की तुलना में 4.82 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई।

रक्षित निधि रू 15.64 लाख से बढ़कर 271.93 लाख हो गई पिछले वित्तीय वर्ष में 6.10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। अन्य निधियां रू 23. 06 लाख से बढ़कर 166.13 लाख हो गई है। पिछले वित्तीय वर्ष में 16.12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई । वाह्य स्रोत की पूंजी (जमा राशियों जैसे- एफ.डी. आर.डी. टी.एफ. तथा अन्य) रूपए 611.00 लाख से बढ़कर 4957.33 हो गई है जिसमें 14.06 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। कार्यशील पूंजी रू 606.83 लाख से बढ़कर 6242.58 लाख हो गई जिसमें 10.77 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। प्रबंधकीय व्यय रू पिछले वित्तीय वर्ष में 40.62 लाख व्यय किए गए जो कार्यशील पूंजी का 0.65 प्रतिशत है। समिति ने कुल शुद्ध लाभ 170.38 अर्जित किया है। मृत्यु सहायता कोष में पिछले वित्तीय वर्ष में रूपए 17.85 लाख सदस्यों से जमा किए गए तथा लाभ से रूपए 8 लाख जमा किए गए और पिछले वित्तीय वर्ष में रूपए 4.29 लाख की सहायता मृत सदस्यों के परिवार को प्रदान की गई अब यह कोष पिछले वित्तीय वर्ष के अंत में रूपए 93.49 लाख गया है। सचिव ने बताया कि बीमा उद्योग संकटों के दौर से गुजर रहा है, बीमा बाजार में निजी बीमा कर्त्ताओं से कड़ी प्रतिस्पर्धा, सार्वजनिक बीमा उद्योग में कर्मियों की कमी इत्यादि ऐसे कारक हैं फलस्वरूप विषम परिस्थितियों में सार्वजनिक बीमा उद्योग नये शिखर की ओर बढ़ रहा है। आपसे अनुरोध है कि अपना कार्य पूर्ण निष्ठा एवं लगन से करें ताकि सार्वजनिक बीमा कम्पनियाँ अपने लक्ष्य को प्राप्त करें और अधिक से अधिक लाभार्जन कर सकें। जैसा कि हम जानते हैं कि सार्वजनिक बीमा उद्योग वर्ष दर वर्ष प्रीमियम में वृद्धि कर रही हैं यह हमारे लिए गर्व एवं हर्ष का विषय है परन्तु इसके विपरीत लगातार कर्मियों घटती संख्या हमारे लिए चिन्ता का विषय है और हम सबके लिए एक बड़ी चुनौती भी है, हमें इस चुनौती को स्वीकार करते हुए अपनी सम्पूर्ण शक्ति के साथ बीमा उद्योग को बढ़ाने और अपने ग्राहकों को सर्वोत्कृट सेवा देने के लिए अथक प्रयास करना होगा। हमारा सार्वजनिक बीमा उद्योग समृद्ध व सशक्त होगा तो हमारी समिति में भी उत्तरोत्तर वृद्धि होगी। समिति के सभी सदस्यों से समिति की कल्याणकारी योजनाओं व समृद्धि के लिए विचार आमंत्रित किये तथा जय-भारत, जय सहकारिता आंदोलन के उद्घोष के साथ अपनी बात समाप्त की।

उपस्थित अतिथियों सहित अन्य वक्ताओं ने समिति की योजनाओं व त्वरित कार्यवाही जैसे ऋणों का त्वरित निस्तारण, आर. डी. की परिपक्वता पर त्वरित भुगतान एवं एफ. डी. का नवीनीकरण एवं भुगतान व अन्य विविध कार्यों का त्वरित निस्तारण करने के लिए सराहना की। समिति द्वारा किये जा रहे कार्यों के लिए समिति में कार्यरत कर्मियों का सदस्यों के साथ मृदुल व्यवहार की भूरिभुरि प्रशंसा की गई। यह सब संचालक मण्डल सदस्यों द्वारा लिये गये सशक्त निर्णयों, सचिव व सभापति महोदया की दूरदर्शी सोच व सदस्यों के सहयोग का परिणाम है कि हम अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल रहे हैं। समिति की योजनाओं, कार्यों का त्वरित निष्पादन और समिति से जुड़े कर्मियों के मृदुल व्यवहार की सराहना की। श्री अब्दुल नईम ने सेवानिवृत्त सदस्यों के लिए आर. डी. खोलने के लिए सुझाव दिया जिससे कि सेवानिवृत्त सदस्य भी समिति से जुड़ सकें। श्री अमित कपूर ने भी सेवानिवृत्त सदस्यों के लिए आर. डी. खोलने तथा सेवानिवत्त सदस्यों के लिए वर्तमान में जो एफ. डी. की सीमा है उसे बढ़ाकर रू0 20 लाख से अधिक किया जाये। श्री आर. के. मिश्रा ने मुख्य अतिथि श्री त्रिलोक सिंह का स्वागत किया और समिति के कार्यों की प्रशंसा की और उन्होंने कहा कि समिति में ऐसी व्यवस्था की जाये कि सेवानिवृत्त सदस्य साथी भी समिति की योजनाओं से जुड़े रहें। श्री संजय श्रीवास्तव ने समिति कार्यों, कर्मियों, बोर्ड के सदस्यों तथा समिति की योजनाओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उन्होंने सुझाव दिया कि कल्याणकारी योजनाओं में और वृद्धि की जाये तथा सेवानिवृत्त सदस्यों को समिति से जोड़ा जाना चाहिए। श्री नीरज चतुर्वेदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि लखनऊ क्रेडिट सोसायटी की योजनाऐं कदाचित भारत की सभी समितियों की योजनाओं से श्रेष्ठ हैं इसमें कार्यरत कर्मियों एवं बोर्ड के सदस्यों का सदैव सहयोग मिलता रहा है। समिति के संचालक मण्डल सदस्यों ने समिति में कार्य कर रहे कर्मियों एवं पूर्व से लागू कल्याणकारी योजनाओं की प्रशंसा की और उन्होंने आश्वस्त किया कि वे अपनी सम्पूर्ण निष्ठा एवं इमानदारी से समिति में और अधिक कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने का प्रयास करेंगे। इसके पश्चात एजेण्डा संख्या दो से पांच तक विचार हेतु प्रस्तुत किया गया।

इसके पश्चात एजेंडा संख्या 2 से 5 तक विचार हेतु प्रस्तुत किया गया । वर्ष 2025-26 के मध्य आयोजित प्रबंध समिति की बैठक में लिए गए निर्णय की पुष्टि। बिंदु संख्या-1, प्रभावी तिथि 1 जनवरी 2026, सावधि जमा पर 1 वर्ष के लिए 6.75 प्रतिशत, 2 वर्ष के लिए 7 प्रतिशत तथा 3 वर्ष के लिए 7.25 प्रतिशत किया गया जिसे वित्तीय बाजार की स्थिति को देखते हुए उक्त ब्याज दरो मे 1 प्रतिशत की कमी की गयी है। बिंदु संख्या-2, प्रभावी तिथि 1 जनवरी 2026, मासिक आय योजना में भी 1 प्रतिशत की कमी करते हुये 6.5 प्रतिशत रही। बिंदु संख्या-3, आवर्ती जमा योजना प्रभावी तिथि 1 जनवरी 2026 पर 1 वर्ष के लिए 6 प्रतिशत 2 वर्ष के लिए 6.5 प्रतिशत तथा 3 वर्ष के लिए 7 प्रतिशत किया गया। बिंदु संख्या-4, सभी प्रकार के ऋणों पर दिनांक 1 जनवरी 2026 से ब्याज दर मे 1 प्रतिशत की कमी की गई। बिन्दु संख्या-5 सावधि जमा एवं आवर्ती जमा योजनाओं पर प्रीमेच्योर की स्थिति में ब्याज दर में 1 प्रतिशत की कमी की गई। बिंदु संख्या-6, प्रभावी तिथि 1 जनवरी 2024 को प्रबन्ध समिति ने सर्वसम्मति से थ्रिफ्ट फंड रूपए 800 से बढ़कर रूपए 1000 करने का निर्णय लिया था जिसे वर्ष 2025-2026 मे स्थिर

रखा गया। बिंदु संख्या-7 सहकारिता वर्ष 2025-26 में सदस्यों से प्राप्त थ्रिफ्ट फंड पर 8 प्रतिशत की दर से ब्याज वितरण। बिंदु संख्या-8 सहकारिता वर्ष 2025-26 में समिति द्वारा अर्जित शुद्ध लाभ सदस्यों को 15 प्रतिशत की दर से वितरण। बिंदु संख्या-9, सूची संख्या 3 गत सहकारिता वर्ष 2024-25 के रोकड़ पत्र एवं वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, पर विचार तथा उसका अनुमोदन।

अतिआवश्यक ऋण जो 2 माह के सकल वेतन या दो लाख तक जो भी कम हो और अदायगी अधिकतम 18 मासिक किश्तों में की जायेगी। सामान्य ऋण जिसकी राशि 5 माह के वेतन या 5 लाख रूपये में से जो कम होगी, से अधिक नहीं होगी जिसकी अदायगी अधिकतम 36 मासिक किश्तो में की जाएगी। विशेष ऋण जिसकी राशि 18 माह के सकल वेतन या 18 लाख रूपये में से जो भी कम होगी, से अधिक नहीं होगी, जिसकी अदायगी अधिकतम 180 मासिक किश्तों में की जायेगी। नियम 192 के प्रावधानों के अधीन तीनों ऋण की कुल राशि संयुक्त रूप से विशेष ऋण के रूप में स्वीकृत की जा सकती है परन्तु प्रतिबन्ध यह होगा कि सदस्य पर अति आवश्यक ऋण एवं सामान्य ऋण न चल रहा हो जिसकी अधिकतम राशि 25 माह के वेतन या 25 लाख रूपये में जो कम होगी, से अधिक नहीं होगी जिसकी अदायगी अधिकतम 180 मासिक किश्तों में की जायेगी।

सूची संख्या - 3, गत सहकारिता वर्ष 2024-25 के रोकड़ पत्र एवं वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, पर विचार तथा उसका अनुमोदन। सूची संख्या-4, गत सहकारिता वर्ष 2024-25 के शुद्ध लाभ का निस्तारण गत सहकारिता वर्ष 2024-25 में शुद्ध लाभ रूपए 156.45 दर्ज किया गया इस लाभ को विभिन्न नधियों रिजर्व फण्ड में शुद्ध लाभ का 10 प्रतिशत, मृत्यु सहायता निधि में रूपए 8 लाख ग्रेच्युटी एवं छुट्टी नगदीकरण में रूपए 353692 सेवानिवृत्ति स्मृति चिन्ह हेतु रूपए 7 लाख या या 100 स्मति चिन्ह हेतु आवश्यक राशि, वार्षिक सामान्य बैठक हेतु 50 हजार रूपए, अन्य निधियो मे नियमानुसार आवश्यक राशि मे समायोजत करने के उपरान्त 14 प्रतिशत लाभांश देने के निर्णय की पुष्टि। सूची संख्या-5, वर्तमान सहकारिता वर्ष 2025-2026 तथा आगामी सहकारिता वर्ष 2026-2027 के बजट और दायित्व का निर्धारण।

रूपये लाख में

अनुमानित आय	वर्ष 2025-2026 धनराशि लाख में	वर्ष 2026-2027 धनराशि लाख में
कुल आय	524.07	523.00
कुल व्यय	353.69	361.63
कुल लाभ	170.38	161.37

सदस्यों से अनुरोध किया गया कि अभी आडिट कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है अतः वार्षिक प्रतिवेदन ओर पुस्तिका में संलग्न तुलन-पत्र तथा लाभ का वितरण अनन्तिम रूप से पारित किये जाने की पुष्टि की जा सकती है। यह आडिट कार्य पूर्ण होने के बाद ही अंतिम रूप से पारित की जा सकती है। सभी सदस्यों से इन प्रस्तावों पर विचार आमंत्रित किये गये। उपस्थित सदस्यों में से अधिकांश सदस्यों ने सेवानिवृत्त के कारण कम हो रहे सदस्यों पर चिन्ता व्यक्त की तथा नये सदस्यों को समिति से जोड़ने के लिए सुझाव दिये। कुछ सदस्यों ने सुझाव दिया कि जो सदस्य समिति से सेवानिवृत्त हो रहे या हो गये हैं उनके लिए भी सोसायटी में ऐसी योजनाऐं चनलाई जाये कि वे समिति से निरन्तर जुड़े रहें यद्यपि कि समिति ने सुझावों पर ध्यानाकर्षित करते हुए ऐसी योजनाओं पर काम करना प्रारम्भ कर दिया है और हमें अपेक्षित परिणाम भी मिल रहे हैं और हम संयुक्त रूप से प्रयास कर रहे हैं कि समिति से अधिक से अधिक नये सदस्यों का जुड़ाव हो सके। अंत में सचिव ने सभी सदस्यों से पेश किये गये सूची संख्या-2 से 5 तक के सभी प्रस्तावों को हाथ उठाकर पास करने का अनुरोध किया। सभी सदस्यों ने अपने-अपने हाथ उठाकर इन प्रस्तावों को निर्विरोध पारित कर दिया। इसके उपरान्त पिछले एक वर्ष में मृत सदस्यों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कुछ क्षणों के लिए सभा की कार्यवाही स्थगित रखने के बाद सभापति महोदय ने सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया तथा राष्ट्रगान के पश्चात सभा समाप्ति की घोषणा की।

(निहारिका सिंह)
अवैतनिक सचिव

(सरिता सोनकर)
सभापति

समिति की प्रगति का तुलनात्मक अध्ययन

(धनराशि लाख में)

क्रम सं0	विवरण	31-03-2020	31-03-2021	31-03-2022	31-03-2023	31-03-2024	31-03-2025	31-03-2026
1.	सदस्य संख्या	1706	1597	1473	1351	1203	1050	940
2.	निजी पूँजी (क+ख+ग)	1240.36	1260.43	1226.36	1277.35	1275.04	1289.42	1285.24
	(क) अंश पूँजी	975.68	968.40	937.42	946.35	908.81	890.06	847.18
	(ख) रक्षित निधि	172.28	190.-30	207.68	223.68	238.57	256.29	271.93
	(ग) अन्य निधियाँ	92.40	101.13	81.26	107.32	127.66	143.07	166.13
3.	वाह्य स्रोत की पूँजी (क+ख+ग+घ)	5573.42	5280.95	4525.17	4129.44	4206.75	4346.33	4957.33
	(क) सावधि जमा	3224.18	2971.08	2392.10	2028.55	2256.67	2531.75	3130.44
	(ख) आर0डी0	194.86	215.76	220.72	190.10	177.07	126.16	105.17
	(ग) थ्रिफ्ट फण्ड	1274.14	1295.55	1271.64	1233.55	1116.54	1018.76	931.23
	(घ) अन्य	879.64	797.76	640.11	677.24	656.47	669.66	790.49
4.	कार्यशील पूँजी (2+3)	6813.78	6540.58	5751.53	5406.79	5481.79	5635.75	6242.58
5.	प्रबन्धकीय व्यय	26.91	25.18	29.11	30.36	35.44	38.08	40.62
6.	प्रबन्धकीय व्यय का कार्यशील पूँजी से प्रतिशत	0.39	0.38	0.52	0.56	0.65	0.68	0.65
7.	सदस्यों को पिछले एक वर्ष मे जारी ऋण	2786.46	1916.85	1706.70	2511.47	2059.49	2030.72	2043.12
8.	सदस्यों पर कुल ऋण	5655.64	5223.89	4643.99	4712.34	4706.66	4751.11	4689.69
9.	कुल आय	618.28	571.89	506.56	457.96	467.60	486.85	524.07
